# बिहार संग्रहालय समिति की नवगठित शासी निकाय की पहली बैठक

## चर्चा में क्यों?

26 अप्रैल, 2022 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बिहार संग्रहालय समिति की नवगठित शासी निकाय की प्रथम बैठक संपन्न हुई।

## प्रमुख बिंदु

- बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष 7 अगस्त को बिहार संग्रहालय का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस दिन राज्य के बच्चे/बच्चियों को विशेष रूप से आमंत्रित कर संग्रहालय का भ्रमण कराया जाएगा।
- साथ ही बैठक में महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को, बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को एवं बिहार दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों को बिहार म्यूजियम (संग्रहालय) में निःशुल्क भ्रमण करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।
- बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना म्यूजियम (संग्रहालय) का भी विस्तार करने के साथ ही पटना म्यूजियम (संग्रहालय) और बिहार म्यूजियम (संग्रहालय) को आपस में कनेक्ट किया जा रहा है, ताकि बाहर से आने वाले लोग दोनों संग्रहालयों का एक साथ अवलोकन कर सकें।
- गौरतलब है कि इस वर्ष जनवरी में बिहार संग्रहालय के शासी निकाय की संरचना में परिवर्तन करते हुए इसके अध्यक्ष पद का दायित्व मुख्यमंत्री को सौंपा गया था, जो कि पूर्व में विकास आयुक्त के पास था। साथ ही, संग्रहालय के निदेशक के पदनाम को परिवर्तित कर महानिदेशक किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/first-meeting-of-the-newly-formed-governing-body-of-bihar-museum-committee